तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 20 अप्रैल 2024




सरसींवा में रामनवमीं शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत



# बरौद खुली खदान के पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत, एक शव लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एसईसीएल की बरौद खुली खदान के पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक अन्य कर्मचारी गहरे पानी में चला गया जिसकी तलाश की जा रही है। इस घटना से प्रबंधन की लापरवाही उजागर हुई हैस वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे है। मिली जानकारी के अनुसार एसईसीएल की घरघोड़ा तहसील में स्थित बरौद खुली खदान में आज दोपहर को उस वक़्त हड़कंप मच गयी ज़ब खाली खदान में भरे पानी में एक व्यक्ति चला गया और डूबने लगा।

■ मृतक के परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप





बताया जा रहा है कि उसे डूबते देख वहां काम कर रहे अन्य कर्मचारियों में सहायक सुरक्षा उप निरीक्षक प्रताप सिंह, वरिष्ठ सुरक्षा प्रहरी नेहरू राम व उमाकांत उसे बचाने कुदे स प्रताप सिंह ने उक्त अज्ञात व्यक्ति को किसी तरह बचा कर बाहर निकाल लिया लेकिन नेहरू राम व उमाकांत गहरे पानी में फंस गयेसए स अपने सहकर्मियों को पानी में फंसा देख रामप्रताप उन्हें भी बचाने गया जहाँ उमाशंकर को बाहर निकालने में वह सफल हो गयाप उमाशंकर को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया जिसे तत्काल घरघोड़ा अस्पताल भेजा गया स अस्पताल में प्रारम्भिक जांच के बाद चिकत्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया स वहीं नेहरूरामज के बाडी को बाहर लाने के लिए एसईसीएल रेस्क्यू दल तथा स्थानीय शासन के द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

इस घटनाए में एक ओर जहां एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के बरौद ओपनकास्ट खदान प्रबंशन की लापरवाही स्पष्ट तौर पर नज़र आ रही है तो वहीं दूसरी ओर खदान में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे है।

### परिजन लगा रहे आरोप

मृतक उमाशंकर के परिजनों ने एसईसीएल प्रबंधन पर लापरवाही और उनके बेटे के शव की उपेक्षा का आरोप लगाया है। मृतक के पिता ने बताया कि उमाशंकर के शव को बगैर परिजनों को सूचित किए अस्पताल में लावारिश हालत में छोड़कर कर चले गए। वहीं कयास यह भी लगाए जा रहे है कि खदान में ब्लास्टिंग से बचने के लिए भागने के दौरान यह हादसा घटित हुआ है। बहरहाल अभी इस मामले की जांच रिपोर्ट आना शेष है।

## यूनेस्को पुरस्कार 2024 की आवेदन प्रक्रिया शुरू

रायगढ़। देशभर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों की शिक्षा को लेकर निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। इसके तहत बहुत से व्यक्ति और संगठन अपने अपने स्तर पर बेटियों की शिक्षा के लिए बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों के लिए यूनेस्को पुरस्कार 2024 की आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस संबंध में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एक अधिसूचना जारी कर इस पुरस्कार के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन के लिए कहा है। गौरतलब है कि इस पुरस्कार को जीतने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं को 50000 डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा।




■ बेटियों की शिक्षा में श्रेष्ठ कार्य करने वालों को मिलेगा पुरस्कार

### 30 अप्रैल तक अग्रेषित होंगे आवेदन

यूनेस्को पुरस्कार के लिए गठित कमेटी के जरिए जो प्रतिभागी चयनित होंगे उसके बाद उन्हें एक औपचारिक समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। इसमें नामांकित व्यक्तियों के पास मापनीयता और प्रभाव प्रदर्शित करने वाली कम से कम 2 वर्षों के लिए परिचालन परियोजनाएं होनी आवश्यक है। इसलिए यूनेस्को के सदस्य राज्यों और भागीदार गैर सरकारी संगठनों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों से भी आग्रह किया गया है कि वह 30 अप्रेल तक यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग को आवेदन अग्रेषित करें। समन्वयक से मिली जानकारी के मुताबिक यूनेस्को पुरस्कार 2024 के लिए बालिकाओं और महिलाओं की शिक्षा के लिए श्रेष्ठ कार्य करने वाले विद्यार्थी व्यक्ति या संस्थाओं के ऑनलाइन

### पुरस्कार के लिए दो विजेताओं का होगा चयन

यह पुरस्कार समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा और लैंगिक समानता सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप हैं। यूनेस्को कार्यकारी बोर्ड, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ़ चाइना के सहयोग से यूनेस्को पुरस्कार 2024 के लिए दो विजेताओं का चयन करेगा। सरकारें पुरस्कार के लिए अधिकतम तीन नामांकित व्यक्तियों को प्रस्तुत कर सकती हैं।

## अंडरब्रिज निर्माण कार्य के कारण टिटलागढ़ पैसेंजर रहेगी रद्द

रायगढ़। पूर्व तटीय रेलवे संबलपुर मंडल के विभिन्न समपारों में अंडरब्रिज निर्माण कार्य हेतु ट्रेफिक सह पावर ब्लॉक के फलस्वरूप बिलासपुर टिटिलागढ़ बिलासपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। पूर्व तटीय रेलवे संबलपुर मंडल के विभिन्न समपारों में अंडरब्रिज निर्माण कार्य हेतु ट्रेफिक सह पावर ब्लॉक लिया गया है। इसके फलस्वरुप 20 अप्रैल को गाड़ी संख्या 08264/08263 बिलासपुर टिटिलागढ़ बिलासपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।




## झारखंड छत्तीसगढ़ के 6 मवेशी तस्करों को किया गिरफ्तार



रायगढ़। रात्रि गस्त दौरान थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व में भूपदेवपुर पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर हरदीझरिया के रास्ते पर पैदल मवेशियों को मारते पीटते तस्करी कर रहे 6 व्यक्तियों को पकड़ा गया है। जिन्होंने मवेशियों को सिंघनपुर छाल जंगल रास्ते से झारखंड बूचड़खाने लेकर जाना बताए। आरोपियों के कब्जे से 14 नग कृषक मवेशी कीमती करीब 2,27,500 रूपए का पुलिस ने कब्जे में लिया। जब्त मवेशियों का पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनके चारा पानी के लिए मवेशियों को गोठान में रखवाया गया है। मवेशी तस्कर आरोपी कयाम खान पिता स्व. निवाज खान उम्र 55 वर्ष निवासी अटरिया थाना गुमला झारखंड पुष्पक कुमार बर्मन पिता अवध राम उम्र 42 वर्ष निवासी बुनगा थाना पुसौर जिला रायगढ़ शोभाराम नवरंगे पिता मोहर दास उम्र 55 वर्ष निवासी धुरकोट थाना डभरा जिला सक्ती, खेमराज निराला पिता स्व. शोभाराम उम्र 36 वर्ष निवासी बुनगा थाना पुसौर जिला रायगढ़, शिव प्रसाद सिदार पिता अरत राम उम्र 21 वर्ष निवासी डोमा थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा निवासी होरीलाल सारथी पिता प्यारीलाल सारथी उम्र 40 साल निवासी हरदीझरिया थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ़ पर थाना भूपदेवपुर में धारा 4, 6, 10, 11 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परीरक्षण अधिनियम 2004 के तहत कार्रवाई की गई है।

## मरीज के परिजनों ने ही नाले में फेंके थे पैर, पुलिस को दी जानकारी

रायगढ़। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर स्थित जोगीडीपा नाले में एक व्यक्ति का पैर मिला था। दरअसल वृद्ध के पैरों का ऑपरेशन आरएल अस्पताल में हुआ था, जिसके बाद परिजनो को पैर के उस हिस्से को दफन करने के लिए परिजनों को कहा गया था। किंतु परिजनों ने उसे नाले में बहा दिया। गौरतलब है कि गुरुवार की शाम को कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर जाने वाले जोगीडीपा नाले में एक व्यक्ति का कटा हुआ पैर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। स्थानीय लोगों ने आनन फानन मे पुलिस को फोन करके सूचना दी, ऐसे में बिना तत्काल सिटी कोतवाली पुलिस के टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। दरअसल शरीर का एक ही हिस्सा मिला था, ऐसे में शरीर के अन्य हिस्सों की तलाश शुरू की गई थी। वहीं पुलिस ने नगर निगम में काम करने वाले स्वीपर को जोगीडीपा पुल के पास बुलवाकर खोजबीन के लिए बहते हुए नाले में उतारा और पैर को नाले से निकाला गया। पुलिस ने इस मामले में आसपास लोगों से पूछताछ की । इसी बीच यह खबर सोशल मीडिया में वायरल हुई तो पता चला कि यह कटा हुआ पर एक मरीज का है। जो आरएल अस्पताल में इलाज के लिए आया था। इस संबंध में मरीज के बेटे दुर्गा प्रसाद साव ने मीडिया को बताया कि वह ग्राम विश्वनाथपाली का रहने वाला है।


■ आरएल अस्पताल में वृद्ध के पैरों का हुआ था ऑपरेशन

## नामांकन की अंतिम तिथि तक 15 अभ्यर्थियों ने जमा किया फार्म

रायगढ़। लोकसभा चुनाव के अंतर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 02 के लिए शुक्रवार 6 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फार्म जमा किया गया है। वहीं आज नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी तथा 22 अप्रैल को नाम वापसी होगी। इसके बाद 7 मई को मतदान होगा।

शुक्रवार को जिन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया उनमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से डॉ मेनका देवी सिंह, सर्व आदि दल से पर्वत ईश बादल एक्का, सुंदर समाज पार्टी गोवर्धन राठिया, निर्दलीय प्रत्याशी अभय कुमार एक्का, हमर राज पार्टी से उदय कुमार राठिया एवं भारत आदिवासी पार्टी महेन्द्र कुमार सिदार ने नामांकन फार्म जमा किए। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि यानी 19 अप्रैल तक कुल 15 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म जमा किए है। जिनमें .भारतीय जनता पार्टी से राधेश्याम राठिया, निर्दलीय प्रत्याशी प्रकाश कुमार उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी से रूपनारायण एक्का, गोड़वाना गणतंत्र पार्टी से मदन प्रसाद गोंड, हमर राज पार्टी से भवानी सिंह सिदार, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से गुलेश्वर पैंकर, हमर राज पार्टी से अलबर्ट मिंज, बहुजन समाज पार्टी से इनोसेंट कुजूर, कांग्रे से डॉ मेनका देवी सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी पूजा सिदार, सर्व आदि दल से पर्वत ईश बादल एक्का, सुंदर समाज पार्टी से गोवर्धन राठिया, निर्दलीय प्रत्याशी अभय कुमार एक्का, हमर राज पार्टी से उदय कुमार राठिया एवं भारत आदिवासी पार्टी से महेन्द्र कुमार सिदार ने नामांकन फार्म जमा किए। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नाम निर्देशन पत्र जमा करने की 19 अप्रैल को अंतिम तिथि थी।



**खबर संक्षेप**

### रायगढ़-खरसिया विस क्षेत्र के लिए भेजे गए ईवीएम

**रायगढ़।** रायगढ़ तहसील कार्यालय स्थित निर्वाचन वेयर हाउस से लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग शुरू हो गई है। गुरुवार को दो कंटेनर ट्रक के माध्यम से केआईटी कॉलेज में ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग की गई। इसी तरह एक कंटेनर ट्रक से खरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग की गई। लोकसभा निर्वाचन के लिए पूर्व में विधानसभा वार ईवीएम मशीनों का सेप्रेशन किया गया था। इसमें वेयरहाउस में स्थित ईवीएम मशीनों को जिले के रायगढ़, खरसिया, लैलूंगा और धरमजयगढ़ विधानसभा के अनुसार आबंटन किया गया था। इसके बाद अब ईवीएम मशीनों को शिफ्टिंग का कार्य शुरू हो गया है। शिफ्टिंग के पहले दिन रायगढ़ विधानसभा के लिए केआईटी कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में दो कंटेनर ट्रक के माध्यम से मशीनों की शिफ्टिंग की गई। इसमें बीयू 350, सीयू 350 एवं वीवीपैट 369 की शिफ्टिंग की गई। इसी तरह एक ट्रक कंटेनर के माध्यम से खरसिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत के लिए सी यूए बीयू एवं वीवीपैट मशीनों की शिफ्टिंग की गई।

### सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा हेतु तिथि निर्धारित

**रायगढ़/सारंगढ़।** सेना भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाईन कॉमन एंट्रेस एग्जाम की तारीख सेना द्वारा घोषित कर दी गई है। जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा सीईई 22, 23, 24, 25, 29 एवं 30 अप्रैल तथा 2 एवं 3 मई 2024 को निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्र बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, दुर्ग और जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन ऑनलाईन परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस बार से अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट एसकेटी में आवेदन करे वाले उम्मीदवारों का टाइपिंग टेस्ट ऑनलाईन परीक्षा सेंटर पर लिया जाएगा।

### 9 लीटर महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव को मुखबीर से ग्राम डूमरपाली की महिला पद्मावती साहू को अवैध बिक्री के लिये महुआ शराब लेने जाने की सूचना प्राप्त हुई। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल ग्राम भ्रमण पर रवाना हुए थाने की पेट्रोलिंग को कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया। भूपदेवपुर पुलिस की टीम द्वारा ग्राम डूमरपाली बस्ती के पास महिला पद्मावती पति सुदामा साहू उम्र 50 साल निवासी ग्राम डूमरपाली थाना भूदेवपुर को थैले के अंदर प्लास्टिक जरकिन में अवैध बिक्री के लिए महुआ शराब लाते हुए पकड़ा गया है। आरोपिया पद्मावती साहू के पास से पांच लीटर क्षमता वाले दो प्लास्टिक जरकिन में करीब 9 लीटर महुआ शराब कीमती 900 का मिला। आरोपिया पद्मावती साहू के कृत्य पर भूपदेवपुर पुलिस द्वारा अपराध धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपिया को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक शंभू पांडे, आरक्षक बोधरम सिदार, विजय कुमार पटेल, कृष्ण कुमार वारेन, महिला आरक्षक गौरी सिदार शामिल थे।

### काली फिल्म लगी कार का कटा चालान

**रायगढ़।** चार पहिया वाहन के शीशों पर काली फिल्म का उपयोग वर्जित है। न्यायालय के आदेशानुसार काली फिल्म लगाने वालों पर पुलिस यातायात नियमों के अनुरूप कार्रवाई करती है। इसी क्रम में आज सुबह टाउन पेट्रोलिंग दौरान ट्रैफिक डीएसपी रमेश कुमार चद्रा द्वारा ब्लैक फिल्म लगी कार सीजी 13 व्ही 7598 पर कार्रवाई करते हुए कार में लगी फिल्म निकलवाया गया। साथ ही वाहन चालक आयुश मानिक निवासी ननसिया कबीर चौंक जूटमिल पर मोटरयान अधिनियम 100(2) के तहत 2,000 रूपए का समन शुल्क काटा गया है। वाहन चालक का पूर्ण पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज किया गया है। आयुश को हिदायत दी गई है।

---

जिलेभर में 8 हजार से ज्यादा आवेदन लंबित

# नियम बदले तो बढ़ी परेशानी, तहसील कार्यालय में नाम सुधार के आवेदनों का लगा अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिले में करीब आठ हजार ऐसे मामले हैं जिनके राजस्व अभिलेखों में ढेरों त्रुटियां हैं। किसी का नाम गलत लिखा हुआ है तो किसी के खसरा नंबर में त्रुटि है। बसरा क्रमांक भी कहीं कहीं गलत है। ऐसे त्रुटियों को सुधार नहीं करने के कारण जमीनों की खरीदी बिक्री, नामांतरण, डायवर्सन आदि प्रभावित हो रहे हैं।

भूमिस्वामियों ने इसमें सुधार करने के लिए एड़ीचोटी का जोर लगा दिया है, लेकिन राजस्व विभाग की धीमी रफ्तार ने ऐसे त्रुटि सुधार प्रकरणों का अंबार लगा दिया है। लोग बार बार चक्कर लगाकर थक गए हैं लेकिन अभिलेखों में सुधार नहीं हो पा रहा है। इससे पहले ऐसी त्रुटियों को पटवारी आईडी से ही ठीक किया जा सकता था। छग शासन ने नियमों में संशोधन करते हुए इसका अधिकार एसडीएम को दे दिया। अब केवल एसडीएम लॉगिन आईडी से ही यह ठीक हो सकता है।

प्रकरण दर्ज होने के बाद तहसीलदार प्रतिवेदन आदि प्रक्रिया पूरी करनी है। इस वजह से प्रक्रिया बेहद लंबी हो जाती है। रायगढ़ जिले में त्रुटि सुधार के लंबित मामलों की संख्या 8085 है। इसमें रायगढ़ तहसील में करीब 2600 और पुसौर में करीब 3000 प्रकरण लंबित बताए जा रहे हैं। एसडीएम के दूसरे कामों में व्यस्त रहने के कारण ऐसे मामलों पर कोई ध्यान नहीं देताए जिसके नाम में थोड़ी से त्रुटि हैए उसको भी कई महीनों तक भटकना पड़ रहा है। खरसिया में भी करीब 2000 प्रकरण हैं।

**महीनों से लंबित**

राजस्व विभाग में कई आवेदन नाम में मात्रा सुधार के हैं। ऐसे आवेदन भी महीनों से लटके हैं। रायगढ़ अनुविभाग में ऐसे प्रकरण सबसे ज्यादा हैं। रोजाना कई ऐसे लोग एसडीएम ऑफिस में दिख जाएंगे जो कई दिनों से इसको ठीक कराने के लिए चक्कर लगा रहे हैं।

**प्रक्रिया हुई लंबी**

नियमों में संशोधन के बाद प्रक्रिया लंबी हो गई है। तहसीलदार प्रतिवेदन के बाद ही आदेश हो सकता है। प्रक्रिया के कारण लंबित मामले बढ़ते जा रहे हैं।

-प्रवीण तिवारी
एसडीएम रायगढ़

---

# धरमजयगढ़ में सौ से अधिक अतिकायों की मौजूदगी से वन विभाग सांसत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



धरमजयगढ़ वन मंडल में ही इन दिनों 105 हाथी अलग अलग रेंज में विचरण कर रहे। जहां बीती रात हाथियों के द्वारा 5 किसानों के धान की फसलों के साथ. साथ 180 पौधे के अलावा 54 नग फेंसिंग पोल को नुकसान पहुंचाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों केवल धरमजयगढ़ वन मंडल में ही अलग अलग रेंज में 105 हाथी विचरण कर रहे हैं। जिसमें 22 नर 51 मादा व 32 बच्चे शामिल हैं। हाथियों के इस दल में धरमजयगढ़ के सेमीपाली बीट में सर्वाधिक 32 हाथी, बाकारूमा के जमाबीरा बीट में 22 हाथी, छाल के पुरूंगा बीट में 22 हाथी, कापू के कुमरता बीट में 11 हाथी, छाल के हाटी बीट में 9 हाथियों के अलावा धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग अलग बीट में हाथियों का दल विचरण कर रहा है।

■ फसलों और हरियाली को चौपट करने का सिलसिला जारी, लोग भयभीत

वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार हाथियों के मूवमेंट पर ड्रोन कैमरे के जरिए निगरानी रखते हुए हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथी से सावधानी बरतने लगातार अपील की जाती रही है। ताकि उनके क्षेत्र में हाथी के हमले से किसी प्रकार की जनहानि की घटना घटित न हो। बीती रात हाथियों के एक दल ने बाकारूमा के जमाबीरा बीट के सोखामुडा गांव में 03 किसानों की धान की फसलए छाल के कीटा व तेंदुमुडा गांव में दो किसानों की धान की फसलए छाल के पुरूंगा बीट में 1 किसान की धान की फसल के अलावा पुरूंगा में ही जोरदार आंतक मचाते हुए 180 नग पौधों को बुरी तरह तहस नहस करते हुए पौधों को सुरक्षित रखने उसके आसपास लगाए गए 54 फेंसिंग पोल को नुकसान पहुंचाया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर हाथियों के द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वन विभाग के द्वारा क्षेत्र में लगातार हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए गांव के ग्रामीणों को जंगल की तरफ नही जाने की सलाह भी दी जा रही है। साथ ही साथ आसपास के गांवों में मुनादी कराते हुए हाथी से सावधानी बरतने की बात कही जा रही है।

---

# रामनवमीं शोभा यात्रा में तहसीलदार से बदसलूकी, व्यावसायी पंहुचा सलाख़ों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रामनवमीं शोभायात्रा के दौरान शराब के नशे में धुत्त प्रकाश निगानिया ने कुछ इस तरह हंगामा खड़ा किया कि उसने समझाईश देने पहुंचे एसडीएम व तहसीलदार से भी बदतमीजी कर डाली। यही नहीं बल्कि थाने में भी प्रकाश ने अधिकारियों से बहस की।

वहीं मामले की जानकारी मिलने पर शहर के गणमान्य नागरिक भी थाने पहुंचे। हालांकि प्रकाश की बेजा हरकत माफी के लायक नहीं थी, जिससे उसके पक्ष में थाने पहुंचे आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य भी बैक फुट पर नजर आए लेकिन प्रकाश के विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता रहने को देखते हुए अधिकारियों से कार्रवाई न करने की अपील की। हालांकि वरिष्ठ नेताओं के कहने पर पुलिस ने भले ही अपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं कियाए लेकिन प्रकाश को सबक मिले, इस दृष्टि से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया। महाशोभा यात्रा में कानून व्यवस्था बनाये रखने प्रशासन ने अलग अलग पुलिस टुकडियों के अलावा एसडीएम व तहसीलदार की भी ड्यूटी लगाई गई थी। रामनवमीं महाशोभायात्रा नटवर स्कूल से निकल कर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांजा चौक, सदर बाजार से आगे बढ़ कर कोतवाली के सामने से गुजर रही थी। इस बीच हटरी चौक के पास उस वक्त विघ्न पड़ गया, जब बिजली गुल होने की बात को लेकर दानीपारा निवासी प्रकाश निगानिया ने वहां खड़े अधिकारियों के साथ गाली गलौच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि उस वक्त वह शराब के नशे में था। वहीं पास खड़े तहसीलदार लोमेश मिरी ने उसे समझाईश देने का प्रयास किया तो प्रकाश उनसे भी उलझ गया। तहसीलदार लोमेश मिरी के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करने का भी प्रयास किया। इसी दौरान अधिकारी के साथ बदतमीजी करते देख प्रकाश को कोतवाली ले कर आए। वहीं थाने में भी प्रकाश पुलिस अधिकारियों से भिड़ गया। शहर के गणमान्य नागरिकों की बात का अधिकारियों ने सम्मान रखते हुए प्रकाश के विरूद्ध किसी प्रकार का अपराधिक प्रकरण दर्ज तो नहीं किया गया लेकिन भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो इस सबक के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया।

■ तहसीलदार की शिकायत पर नगर कोतवाल की कार्रवाई

**की गई कार्रवाई**

प्रकाश निगानिया अधिकारियों से गाली गलौच कर रहा था। इस मामले में तहसीलदार लोमेश मिरी की रिपोर्ट पर प्रकाश निगानिया के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

-सुखनंदन पटेल
टीआई

---

### पुसौर सीएचसी की शिफ्टिंग तेज, जल्द होगा मंगलभवन खाली



**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में नवीन सर्व सुविधायुक्त भवन में स्थापित हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था हेतु जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा.बीके चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में बीएमओ डा. नायक ने मंगल भवन में चल रहे चिकित्सा सामग्रियों के शिफ्टिंग कार्य में गति लाई गई है और इसके लिए मंगलभवन में चल रहे चिकित्सा सुविधा जनित सभी सामाग्रियों को अपने नए भवन में व्यवस्थित रखा जा रहा है। ज्ञात हो कि हास्पिटल के नव निर्माण के बीच मंगलभवन को हास्पिटल का रूप दिया गया था जो जल्द ही खाली होने वाला है। इस तथ्य बीएमओ डा. नायक ने बताया कि एल्युमिनियम पार्टेशन को छोड सभी सामग्रियों का लाया जा चुका है इसके लिए एक्पर्ट बुलाया गया है जिसे निकाल कर नवीन हास्पीटल भवन में स्थापित किया जाएगा जो वहां भोजनालय सम्हाल रहे कम्पार्टमेंट को काम आएगा।

---

# सरसींवा में रामनवमीं शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

रामनवमी महापर्व पर सरसींवा में कल सनतान धर्म प्रेमीयो के द्वारा बहुत ही उत्साह के साथ धूमधाम के साथ मनाया गया एवं एक किलोमीटर तक जय जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जोकि माँ महामाया मंदिर से प्रारंभ होकर राधाकृष्ण मन्दिर एबाजार चौक, बस स्टैंड परिसर सारंगढ़ मार्ग से होते हुए मिशन हॉस्पिटल से होते सरायपाली चौक से श्रीराम मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ। जगह जगह भगवान श्री राम जानकी झांकी का पूजा अर्चना कर भव्य स्वागत हुआ। सरसींवा के अंचल के सनातन धर्म प्रेमियों के द्वारा भगवान श्री राम जानकी का पूजा अर्चना किया गया इस शोभायात्रा यात्रा के दौरान सभी नगरवासियों ने बड चढ़ कर शोभायात्रा को आकर्षित किया।

इस शोभायात्रा में श्रीरामनवमी पर युवाओं व मातृशक्ति का डीजे पर जय श्रीराम की जय घोष एवं थिरकना सनातन धर्मप्रेमियों की जोश एवं उमंग को बढ़ा रहा था। इस शोभायात्रा में मातृशक्ति की अच्छी संख्या भी रही। वहीं वरिष्ठजनो एवं नवयुवक की संख्या भी सैकड़ो में रहा। सनतान धर्म प्रेमी इस शोभायात्रा में शामिल हुए। जहां विभिन्न राजनीति दलो के जनप्रतिनिधि भी शामिल होकर भगवान श्रीरामचंद्र का पूजा अर्चना कर अंचल के सुख शांति एवं खुशाहाली के लिए वर मांगे। इस रामनवमी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वरिष्ठजनो के मार्गदर्शन में नवयुवकों ने बहुत ही बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं पुरे ग्राम वासियों के साथ ही व्यपारी वर्ग ने तन मन धन से सहयोग कर युवाओं का उत्साह बढ़ाए।

---

# तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र के दो आदिवासी बच्चे भारतीय खेल प्राधिकरण में चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के तमनार ब्लॉक में अदाणी फाउण्डेशन द्वारा चलाए जा रहे तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र से दो आदिवासी बच्चों का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण में हुआ है।

प्रदेश के बिलासपुर स्थित बहतराई स्टेडियम में साई ट्रायल सिलेक्सन प्रतियोगिता में अदाणी फाउंडेशन के निःशुल्क तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रही तमनार की कक्षा 7वीं की छात्रा विनिषा मिंज और ग्राम आमगांव के कक्षा 11वीं के छात्र राजेश राठिया चयनित हुए हैं। इन दोनों विद्यार्थियों को राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर में खेलने के लिए खेल प्राधिकरण में तीरंदाजी प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही इनके रहनेए विशेष डायट तथा प्रशिक्षण के लिए आवश्यक खेल सामग्री भी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई में सहयोग हेतु विद्यालय का एडमिशन फीस भी केन्द्र सरकार द्वारा ही वहन किया जाएगा। उल्लेखनीय है, कि अदाणी फाउंडेशन द्वारा बच्चों को तीरंदाजी में पारंगत करने हेतु तमनार के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में 17 वर्ष से कम उम्र के कुल 15 विद्यार्थियों को अपने निःशुल्क तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र में कोच नकुल सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक नकुल सिंह का अभी हाल ही में भारत के सर्वोच्च राष्ट्रीय खेल निकाय खेल प्राधिकरण के खेलो इण्डिया अभियान में सीनियर कोच के रूप में चयन हुआ है। जिसे भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा 1984 में पूरे भारत में खेल के विकास के लिए स्थापित किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य में इसकी एक शाखा रायपुर में स्थित है।

---

### शातिर चोर गिरफ्तार, जूटमिल पुलिस ने कार्रवाई कर भेजा जेल



**रायगढ़।** ग्राम आमापाली डीपापारा के दीपक बरेठ के मकान में रात्रि करिबन 1 बजे एक अज्ञात व्यक्ति घुस कर घर में रखे पेटी उठाकर भागा। दीपक और गांव के लोगों ने दौड़ाकर चोर को पकड़े और डॉयल 112 को सूचना दिए। चोरी करते पकड़ा गया आरोपी मनीष महंत निवासी जेलपारा रायगढ़ को डॉयल 112 द्वारा थाना लाया गया। दीपक बरेठ की रिपोर्ट पर आरोपी मनीष दास महंत पिता पूरन दास महंत उम्र 21 साल निवासी जेलपारा थाना जूटमिल रायगढ़ के विरूद्ध धारा 457, 380 आईपीसी दर्ज किया गया। आरोपी से पेटी समेत चुराए 1500 रूपए की जप्ती कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में पेश कर जेल दाखिल किया गया है। प्रार्थी दीपक बरेठ ने बताया कि आरोपी मनीष महंत घर के पास खड़ी मोटर सायकल चोरी की फिराक में था जिनसे घर अंदर से पेटी को चुरा कर भागा। आरोपी मनीष दास महंत आदतन चोर है, आरोपी को पूर्व में थाना कोतवाली ने 02 चोरीए 01 मारपीट, थाना जूटमिल ने 01 चोरी तथा थाना चक्रधरनगर ने चोरी नकबजनी के 09 मामले और 01 मारपीट के अपराध में आरोपी को चालान किया गया है।

---

# घर घुसकर चोरी का प्रयास, दो आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रामनवमी शोभायात्रा में शामिल होने गए परिवार के सूने मकान में चोरी का प्रयास करते दो आरोपियों को मकान मालिक ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। आरोपियों को चोरी के प्रयास के आरोप में जेल भेजा गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना कोतवाली में अजय यादव 35 साल निवासी राजापारा बाघतालाब के पास रायगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि कल 17 अप्रैल की रात्रि घर के दरवाजे के सिटकीनी को बंद कर श्रीरामनवमी शोभायात्रा में शामिल होने गया था, रात्रि करीब 01.20 बजे वापस घर आने पर देखा कि एक युवक घर के बेडरूम में घुसकर अलमारी को खोलकर समान को इधर उधर कर बिखेर रहा था, जिसे पकड़कर चोर चोर चिल्लाया तो उसका एक और साथी घर के दूसरे रूम से बाहर निकलकर भागने लगाए तब तक घर और आसपास के लोग जाग गये और दूसरे चोर को भी पकड़े जिनसे नाम पता पूछने पर एक युवक अपना नाम आकाश यादव और दूसरे ने अपना नाम विशाल यादव दोनों निवासी मिट्ठुमुडा दुर्गा चौंक के पास रायगढ़ के रहने वाले बताए। घटना को लेकर थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने पर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध धारा 457, 511, 34 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर दोनों आरोपी आकाश यादव पिता भुजबल यादव 19 साल, विशाल यादव उर्फ लादेन पिता बाबूलाल यादव उर्फ बब्बू उर्फ बब्लू यादव निवासी मिट्ठुमुडा दुर्गा चौंक थाना कोतवाली रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। दोनों आरोपी आदतन चोर है, इन्हें पूर्व में भी कोतवाली चोरी के अपराध में चालान की है।

---

# नाबालिग के दैहिक शोषण का आरोपी भेजा गया जेल



**रायगढ़।** तमनार पुलिस नाबालिग से दुष्कर्म मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुये 24 घंटे के भीतर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। कल बालिका की मां द्वारा थाना तमनार में आरोपित नूतन चौहान 27 साल के विरूद्ध पिछले 4 महीनों से नाबालिक का शारीरिक शोषण करने संबंधी लिखित आवेदन दिया गया था। प्रार्थीया बताई कि युवक नूतन चौहान का इसके घर आना जाना था। बच्चे भी नूतन के घर जाते थे। पिछले दिनों बड़ी लडकी बताई कि 20 दिसंबर के दोपहर नूतन चौहान के घर गई थी, जहां नूतन शादी कर अच्छे से रखूंगा कहकर शारीरिक संबंध बनाया और उसके बाद भी कई बार संबंध बनाया है। किशोरी के घरवालों ने लोक लाज से बचने नूतन चौहान को लड़की से शादी करने को लेकर चर्चा किए। नूतन चौहान शादी से साफ इंकार कर दिया। नाबालिग का शारीरिक शोषण के संबंध में प्राप्त आवेदन पर थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा तत्काल आरोपित नूतन चौहान 27 साल पर धारा 376,376(2) 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम कर महिला विवेचक से पीड़ति किशोर बालिका का कथन मेडिकल कराकर एक टीम आरोपी गिरफ्तारी के लिए रवाना किए।

---

नान डीएम ने जल्द सुधार करने को कहा

# सुर्री और सीडब्ल्यूसी 1 दोनों में तौल कांटा मशीन खराब, पीडीएस अनाज वितरण में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर में फूड गोदामों में खराब धर्मकांटा का महीनों से सुधार नहीं हुआ है। इस वजह से पीडीएस चावल का उठाव दूसरे गोदामों से करवाया जा रहा है।

नागरिक आपूर्ति निगम का चावल किरोड़ीमल नगर, सीडब्ल्यूसी 1, सुर्री, औरदा, एसडब्ल्यूसी खरसिया और लोहरसिंह में जमा होता है। इन गोदामों में धर्मकांटा मशीन का सही तरीके से काम करना जरूरी है। क्षेत्र के हिसाब से चावल का आवंटन और परिवहन होता है। पास के गोदाम से चावल लोड कर गाडिय़ां दुकानों में पहुंचती हैं। कम से कम दूरी तय करनी पड़े ऐसा प्रबंध किया जाता हैए लेकिन वजन मशीन सही नहीं होने के कारण गाड़ी दूसरे गोदामों में लोड करना पड़ता है। सीडब्ल्यूसी 1 में कई महीनों से धर्मकांटा खराब पड़ा हुआ है। यहां चावल जमा के लिए भी दूसरे गोदाम से तौल कराना पड़ता है। अब पीडीएस दुकानों को यहां से चावल देना संभव नहीं हो रहा है जबकि शहर की दुकानों के लिए यह गोदाम सबसे सही है। इधर सुर्री गोदाम में भी धर्मकांटा खराब है।

**डीएम कर चुके पत्राचार**

नागरिक आपूर्ति निगम के डीएम इन गोदामों में धर्मकांटा की मरम्मत के लिए कई बार निर्देश दिए हैं, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है। सेंट्रल वेयरहाउस के गोदामों में भारी अव्यवस्था है। औरदा और लोहरसिंह के धर्मकांटे में दूसरी दिक्कत है।

---

# पोरथ धाम में शुरू हुआ ब्रतोपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर




चित्रोत्पला नदी किनारे स्थित पोरथधाम जहां सभी प्रकार के संस्कार होते हुए आ रहे हैं उसमें एक ब्रतोपनयन संस्कार भी अब जुड गया है जहां बिते दिनांक को शुभ लग्न में रायगढ के गुरूद्रोण स्कूल के संचालक फागुलाल सिंह पत्नि तारा देवी सिंह के 2 बेटे गजेन्द्र सिंह एवं शडेन्द्र सिंह का उपनयन संस्कार हुआ और वे यज्ञोपवित धारण किए।

ज्ञात हो कि ब्राम्हणों की तरह क्षत्रियों में भी यज्ञोपवित धारण करने की परंपरा है जिसे वे बखुबी निभाते रहें हैं। जानकारी के मुताविक स्कूल संचालक फागुलाल सिंह ने उक्त संस्कार के लिए महानदी चित्रोत्पला तट स्थित पोरथ धाम को चयन किया और यहां अपने परिवार व स्टाफ के साथ आकर इसे संपन्न किया है। उल्लेखनीय है कि पोरथ धाम के विकास के लिए प्रदेश सरकार भी मुस्तैद है जिसके लिए फंड मुहैया कराते हुए इसे तीर्थस्थल में तब्दील करने की व्यवस्था देने की तैयारी में है।

19- APR-Jash-RAGH--CORIYA-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/19/2024 8:09 PM Page 1





# 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का रजिस्ट्रेशन 26 से शुरू

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने बड़े पर्दे के साथ छोटे पर्दे पर भी अपनी छाप छोड़ी हैं। उनके लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को दर्शक काफी पसंद करते हैं। अब यह अपने नए सीजन के साथ वापस आ रहा है। अमिताभ ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के 16वें सीजन का ऐलान कर दिया है। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' का प्रोमो सामने आ चुका है, जिसे देख प्रशंसक खुशी से झूम उठे हैं। आइए जानते हैं शो के रजिस्ट्रेशन कब से शुरू होंगे। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' को आप सोनी टीवी पर देख सकते हैं। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई। चैनल ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रोमो साझा करते हुए लिखा, 'ऐसा मिला प्यार की लौट रहा है।

## लाइफ Style



# सोनाली

## 'द ब्रोकन न्यूज 2' का ट्रेलर जारी

सोनाली बेंद्रे की वेब सीरीज 'द ब्रोकन न्यूज' को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था। यह सीरीज 10 जून, 2022 में जी5 पर रिलीज हुई थी। 'द ब्रोकन न्यूज' की सफलता को देखते हुए हाल ही में निर्माताओं ने सीरीज की दूसरी किस्त का ऐलान किया, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब 'द ब्रोकन न्यूज' की दूसरी किस्त की रिलीज तारीख से पर्दा उठ चुका है। इसके साथ निर्माताओं ने सीरीज का ट्रेलर जारी कर दिया है। जयदीप अहलावत, श्रिया पिलगांवकर, इंद्रनील सेनगुप्ता, तारुक रैना, आकाश खुराना और किरण कुमार भी इसका हिस्सा हैं। विनय वाइकुल ने इस सीरीज का निर्देशन किया है। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। समीर गोगेट इस सीरीज के निर्माता हैं। 'द ब्रोकन न्यूज' का प्रीमियर 3 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'ब्रेकिंग न्यूज की नई कहानी, सच भी बनेगा सनसनीखेज।' बता दें कि कैंसर की बीमारी ने सोनाली के साथ साथ उनके फैन्स को भी सदमे में डाल दिया। कैंसर का इलाज करने के लिए वे न्यूयॉर्क गईं, जहां कुछ महीनों तक उनका इलाज चला। इसके बाद उन्होंने कैंसर को मात दे दी। सोनाली ने साल 2002 में फिल्म प्रोड्यूसर गोल्डी बहल के साथ शादी की। इसके बाद कुछ समय के लिए सिनेमा से दूर हो गईं। फिल्मों के अलावा फिलहाल टीवी शोज में बतौर जज सोनाली काफी एक्टिव थीं। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने 19 साल की उम्र में ही अपनी फिल्मी करियर की शुरुआत कर दी थी।

## हॉलीवुड मसाला



# 'मंकी मैन' को मिल रहा भरपूर प्यार

**लॉस एंजिलस।** सोभिता धुलिपाला अपने हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'मंकी मैन' के साथ ओस्कर-नॉमिनेटेड देव पटेल के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। यह एक एक्शन-पैक्ड रिवेंज टेल है, जो अब आखिरकार थिएटरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म को सोभिता के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन माना जा रहा है, क्योंकि वे अपने कदमों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म की ओर बढ़ा रही हैं। फिल्म में उनका किरदार सुपर इंट्रीग्यूइंग है, और उनका इंटेंस प्रैसेंस सभी का ध्यान उनकी तरफ खींच रहा है।



# टाइटैनिक का हीरो 49 का, 29 की गर्लफ्रेंड संग हुआ स्पॉट...

**लॉस एंजिलस।** लियोनार्डो डिकैप्रियो और गीगी हदीद का रोमांस एक बार फिर सुर्खियां बटोर रहा है, अफवाह है कि इस जोड़ी को एक बार फिर एक साथ देखा गया है। ऑस्कर विजेता एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो और सुपरमॉडल गीगी हदीद के बीच रोमांस काफी समय से हॉलीवुड खबरों का फेवरेट सबजेक्ट रहा है। पिछले साल सितंबर में डेटिंग की अफवाहें फैलने के बाद, डिकैप्रियो और हदीद ने अपने ब्रेक-अप और पैच-अप की अटकलों से कई बार नेटिज़न्स और मीडिया का ध्यान आकर्षित किया। अब एक बार फिर दोनों साथ में नजर आए। भले ही डिकैप्रियो 49 साल के हैं और हदीद 29 साल की हैं, लेकिन दोनों की जोड़ी को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। उम्र का अंतर इस रोमांटिक कपल के सामने फीका लगता है।




# धोनी पर बनी रही एक और फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर खड़े नजर आ रहे हैं, जिनकी जो अपने दोनों हाथ ऊपर की और उठाए खड़े हैं, साथ ही उनकी पीठ दिखाई दे रही है। दोनों इंडियन जर्सी पहने नजर आ रहे हैं, जिस पर दोनों के नाम 'महिमा' और 'महेंद्र' लिखा नजर आ रहा है।



# अक्षय साउथ में कदम रखने को तैयार

**मुंबई।** अक्षय कुमार को इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में देखा जा रहा है। यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अक्षय की आने वाली फिल्मों में 'सिंघम अगेन', 'वेलकम टू द जंगल', 'फिर हेरा फेरी 3' और 'शंकरा' शामिल हैं। अब अक्षय दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखने जा रहे हैं। मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बन रही फंतासी ड्रामा फिल्म 'कन्नप्पा' की स्टार कास्ट में अक्षय शामिल हो गए हैं। 'कन्नप्पा' विष्णु मंचू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रभास, मोहनलाल, प्रभुदेवा और आर सरथ कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। विष्णु ने अक्षय का स्वागत करते हुए लिखा, 'यह यात्रा और अधिक रोमांचक हो गई है क्योंकि हम अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म सिनेमा में स्वागत कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# कपिल को मिला था अमर सिंह चमकीला का ऑफर

**नई दिल्ली।** द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया एपिसोड अब तक का सबसे मनोरंजक था और इसे देखने वाले दर्शकों ने खूब एंजॉय किया क्योंकि इसमें दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा और इम्तियाज अली अपनी नई फिल्म अमर सिंह चमकीला का प्रमोशन करते नजर आए थे। इस दौरान सभी ने एक दूसरे के साथ काफी मस्ती की और लोगों को हंसाया। कपिल शर्मा ने हाल ही में शो की शूटिंग के पीछे का एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने ऐसा खुलासा किया कि उसे जानकर लोग हैरान रह गए। क्लिप में कपिल शर्मा ने बताया कि उन्हें फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिए एआर रहमान का फोन आया था, लेकिन वो मिस कर गए और फिर जब उनके कॉल के सच का पता चला तो वो पूरी रात रोते रहे।

***कपिल को आया था एआर रहमान का फोन :*** कपिल शर्मा ने एआर रहमान की जिस कॉल के मिस होने का खुलासा किया, वो उनके एक्टिंग करियर के लिए कारगर साबित हो सकती थी क्योंकि वो देश के लोकप्रिय क्रमेडियन इम्तियाज अली की फिल्म का हिस्सा बनें लेकिन तब कपिल शर्मा को लगा कि रहमान सिर्फ दोस्ताना व्यवहार कर रहे हैं।

***विदेश में रहने के कारण कॉल मिस की :*** पर्दे के पीछे की क्लिप में कपिल ने जिक्र किया कि उन्होंने फिल्म के म्यूजिकल एआर रहमान की कॉल मिस कर दी, क्योंकि वो विदेश में थे। कपिल ने उस घटना को याद करते हुए कहा, 'मैं एक दिन रहमान सर से मिला और उन्होंने कहा, 'मैंने तुम्हें चमकीला के लिए बुलाया था। कपिल ने आगे बताया कि 'मुझे लगता है कि वो चाहते थे कि मैं कोई गाना या कुछ और गाऊं मुझे लगा कि वो मेरे साथ सिर्फ मीठी-मीठी बातें कर रहे थे।

***मौका खोकर रातभर रोए कपिल शर्मा :*** वहीं इम्तियाज ने कहा कि रहमान ने कपिल की सिंगिंग के बारे में बात की थी। कपिल ने कहा, 'उन्होंने मुझसे ये बात सीरियस अंदाज में कही। मैंने कहा, 'सर हम विदेश में थे और इसीलिए हम एक-दूसरे से बात नहीं कर सके। यह दुर्भाग्यपूर्ण था।

### दमदार है अमर सिंह चमकीला की कहानी

बता दें कि फिल्म की समीक्षा में कहा गया, 'हीरो के रूप में दिलजीत ने शानदार अभिनय किया है। अमर सिंह चमकीला का किरदार उनके लिए ही बनाया गया है और वो इसमें अपना दिल लगा देते हैं। उनकी कड़ी मेहनत स्पष्ट है और फिर भी उनका प्रदर्शन सहज है। उन्हें चमकीला बनते और उनके गाने गाते हुए देखना आपके दिल को अनूठे आनंद से भर देगा। यहां तक कि कुछ भारी-भरकम सीन्स में भी, वो एक दुर्लभ संयम सामने लाते हैं और शिष्टता की एक पूरी नई परत प्रस्तुत करते हैं। निस्संदेह, यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है और बीच में कहीं, आप उसे चमकीला के साथ एक होते हुए देखेंगे और बहुत जल्द, आप उन ताकतों को अलग नहीं कर पाएंगे जिन्होंने पंजाब के संगीत उद्योग को हमेशा के लिए बदल दिया।

# जूनियर एनटीआर ने पहनी बेहद महंगी घड़ी

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जान-माने अभिनेता जूनियर एनटीआर का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, हाल ही में



एनटीआर को मुंबई में एक स्टूडियो के बाहर देखा गया था, जहां उनकी घड़ी ने सबका ध्यान खींच लिया। एनटीआर ने रिचर्ड मिल्ली की घड़ी पहनी हुई थी, जिसकी कीमत हर कोई जानना चाहता है। मीडियो रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता की इस घड़ी की कीमत 7.5 करोड़ रुपये है। एनटीआर इन दिनों अपनी फिल्म 'देवरा' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के साथ बनी है। सैफ अली खान भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। यह फिल्म अब 10 अक्टबूर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

# माधुरी-विद्या 'भूल भुलैया 3' में लगाएंगी डांस का तड़का

**मुंबई।** बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' के नाम से मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जहां कई फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं, वहीं अभिनेत्री विद्या बालन भी अपनी शानदार अदाकारी के चलते खूब वाहवाही लूटती हैं। अब ये दोनों अभिनेत्रियां फिल्म 'भूल भुलैया 3' के लिए साथ आ रही हैं। खास बात यह है कि निर्माताओं ने उन पर एक डांस नंबर फिल्माने का फैसला किया है।

***अमी जे तोमार नाम के गाने पर थिरकेंगी दोनों :*** रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं ने फिल्म में एक स्पेशल डांस नंबर रखा है, जो इसके मुख्य आकर्षणों में से एक होगा। इस गाने में माधुरी और विद्या पहली बार साथ पर्दे पर थिरकती नजर आएंगी। फिल्म का यह गाना बेहद खास होगा। निर्माता भूषण कुमार विद्या और माधुरी पर 'अमी जे तोमार' नाम का गाना फिल्माने जा रहे हैं। गाने की शूटिंग के लिए लोकेशन पर फिलहाल विचार किया जा रहा है। इसकी शूटिंग अगले महीने हो सकती है।

***कार्तिक भी मचाएंगे धमाल :*** रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि यह गाना बड़ा धमाकेदार रहने वाला है और इसके बोल कुछ ऐसे होंगे, जो दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देंगे। फिल्म के हीरो कार्तिक आर्यन भी इस गाने में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। फिल्म का यह गाना सभी मुख्य किरदारों को ध्यान में रखकर लिखा गया है। यह गाना फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ाने के लिए रखा गया है। फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग चल रही है।

### 'भूल भुलैया' में 'मंजुलिका' बन विद्या ने जीता था दिल

विद्या 2007 में आई 'भूल भुलैया' की पहली किस्त का हिस्सा थीं, जिसमें वह अवनि और मंजुलिका के किरदार में दिखी थीं। इस फिल्म में अक्षय और शाइनी आहूजा भी शामिल थे। इसके बाद 2022 में फिल्म की दूसरी किस्त आई, जिसमें कार्तिक के साथ कियारा आडवाणी की जोड़ी बनी और तब्बू भी नजर आई थीं। अब अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही 'भूल भुलैया 3' आएगी, जिसके लिए कार्तिक और विद्या ने पहली बार हाथ मिलाया है।

***विद्या की 1 फिल्म कतार में, माधुरी के हाथ में नहीं कोई फिल्म :*** विद्या फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर भी चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार अभिनेता प्रतीक गांधी और इलियाना डिक्रूज नजर आएंगी। पिछले दिनों फिल्म का ट्रेलर सामने आया था, जिसमें खासतौर से विद्या की काफी तारीफ हुई थी। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। उधर माधुरी को आखिरी बार 2022 में फिल्म 'मजा मा' में देखा गया था।



## दादासाहेब फाल्के की है लंका दहन साइलेंट मूवी, एक ही शख्स ने निभाया राम-सिया का किरदार

# 107 साल पहले बनी थी भगवान राम पर पहली फिल्म

*नए दौर में नए विज़ुअल इफेक्ट्स और बड़े बड़े कलाकारों के साथ फिल्मी पर्दे पर आई फिल्म आदिपुरुष कोई कमाल नहीं दिखा सकी लेकिन आज से 107 साल पहले जब भगवान राम की कहानी फिल्मी पर्दे पर आई थी तो थियेटर में दर्शकों की लाइन लग गई थी। बता दें कि उस रामायण में न आवाज थी न कोई भारी भरकम एक्ट्रेस।*

### थियेटर्स में मंदिर जैसा माहौल, दर्शक जूते-चप्पल उतारकर जाते थे भीतर

**नई दिल्ली।** दिलचस्प बात तो ये है कि राम और सिया का रोल प्ले करने के लिए एक ही शख्स को चुना गया। वही फिल्म का राम था और वही सीता भी। उसके बावजूद थियेटर्स में पूरी तरह मंदिर जैसा माहौल रहता था। दर्शक भीतर जाने से पहले जूते और चप्पल निकालकर जाया करते थे। इस रामायण को दादा साहब फाल्के ने लंका दहन के नाम से बनाया था।

### फिल्मों के लिए नहीं मिलती थी हीरोइन

इस फिल्म की खास बात ये थे कि फिल्म के लिए दादा साहब फाल्के को हीरोइन नहीं मिला करती थीं। साल 1913 में दादा साहब ने हरिश्चंद्र फिल्म बनाई। इस फिल्म में भी हीरोइन का रोल अदा किया अन्ना सालुंके नाम के शख्स ने। उनके पतले हाथ और दुबला पतला



डील डौल महिला का किरदार निभाने के लिए बिलकुल उपयुक्त था। इसलिए जब 1917 में दादा साहब ने लंका दहन बनाना शुरु की तो अन्ना सालुंके को ही सीता का रोल दिया। चुनौती थी पुरुष का किरदार अदा करने की लेकिन अन्ना सालुंके ने अपने हाव भाव और बॉडी लेंग्वेज पर इतना काम किया कि वो राम के किरदार में भी फिट बैठे और उन्होंने ही राम का किरदार भी निभाया।

### डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बने

राम और सीता दोनों का रोल कर अन्ना सालुंके तो हिंदी सिनेमा के डबल रोल करने वाले पहले आर्टिस्ट बन गए। सबसे बड़ी बात ये थी कि लोगों ने भी उन्हें दोनों रोल में अपनाया। राम सीता की रामायण देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग थियेटर तक पहुंचे। नई टेक्निक से डबल या तीन रोल करना आज के कलाकारों के लिए भले ही आसान हो गया है लेकिन सोचिए कि आज से 107 साल पहले डबल रोल वाली फिल्म को बनाने में कितनी न कठिनाइयों का सामना करना पड़ा होगा।

### बिना आवाज के जगाया भक्तिभाव

बता दें कि इस फिल्म की छवि कुछ ऐसी बनी कि लोग कलाकारों को भगवान का ही दर्जा देने लगे। उस जमाने में यह फिल्म जिस थियेटर में लगी थी वहां भक्तिभाव का आलम ये था कि लोग जूते-चप्पल उतार कर ही सिनेमा हॉल के भीतर जाते थे। हालांकि फिल्म में कोई आवाज नहीं थी। उसके बाद भी भगवान के प्रति भक्ति का संदेश लोगों तक साफ साफ पहुंचा।

Online Booking : www.tripuryatra.com





# स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024 तक ( 07 दिन )

रायपुर (08:00), उसलापुर (10:30), शहडोल (14:00) से होकर

सबसे कम राशि पर

चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...

जय माता दी

# माता वैष्णव देवी

## माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)

स्लीपर मात्र 8,500/-

स्पेशल ट्रेन की विशेष सुविधाएं

1. श्रद्धालुओं को ट्रेन बदलनी नहीं रहती, स्पेशल ट्रेन आपको पूरे धार्मिक स्थल का दर्शन करवा वापस आपके गंतव्य स्थल पर छोड़ेगी ।
2. स्पेशल ट्रेन में कोई बाहरी यात्री सवार नहीं होते, स्पेशल ट्रेन हमारे श्रद्धालु गण के लिए ही बनी रहती है ।
3. श्रद्धालुगण का लगेज ट्रेन पर ही रहती है ,खाली हाथ दर्शन को श्रद्धालुगण जाते हैं एवं बार-बार समान उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता।
4. छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ कुक के टीम से श्रद्धालुओं को घर जैसा स्वादिष्ट, लाजवाब भोजन नाश्ते की व्यवस्था रहती है।
5. अनुभवी मैनेजर/ गाइड पूरे यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेंगे ।
6. सभी श्रद्धालुओं के ग्रुप को सीट एक साथ मिलती है।

राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी -20,500/-, 2 एसी -25,500/- ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।



स्लीपर मात्र 18,500/-

सबसे कम राशि पर

# चार धाम यात्रा

रायगढ़ (11.56), खरसिया (12.21), सक्ती (12.36), बाराद्वार (12.50), चांपा (13.15), जांजगीर नैला (13.26), अकलतरा (13.40), बिलासपुर जंक्शन (14.30), पेंड्रा रोड (16.15), भाटापारा ( 06.30), तिल्दा (06.53), रायपुर जंक्शन (07.40), दुर्ग (08.35), राजनांदगांव (08.59), डोंगरगढ़ (09.24), अनूपपुर जंक्शन (17.15)

## श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
09 मई से 22 मई 2024
20 मई से 02 जून 2024
24 मई से 06 जून 2024
26 मई से 08 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
05 सितंबर से 18 सितंबर 2024
20 सितंबर से 03 अक्टूबर 2024

चारधाम की विशेष सुविधा

1. रेलवे ट्रेन टिकट आने-जाने की सुविधा हरिद्वार तक। 2. हरिद्वार से 2/2 की 27 सीटर छोटी बस की सुविधा। 3. रात्रि विश्राम के लिए हॉटल / लॉज में ठहरने की उत्तम सुविधा। 4. सर्वेश्रेष्ठ कुक द्वारा गरमा-गरम ताजा उत्तम नाश्ते व स्वादिष्ट रात्रि भोजन की उत्तम सुविधा व ट्रेन में लंच की व्यवस्था। 5. एक अनुभवी गाईड कम मैनेजर की सुविधा ।

चारधाम यात्रा की इन्डीविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें-8802411411

नोट : कृपया अंतिम दिनांक से पहले बुकिंग करवालें क्योंकि ट्रेन में वेटिंग लगने पर टिकिट नहीं मिल पाती है।

यात्रा पंजीयन अप्रैल में खुल गई है आपको यात्रा पंजीयन करवाना अनिवार्य है। अन्यथा आपका चार धाम यात्रा करना मुश्किल रहेगी।

स्लीपर 22,500/- , 3 एसी -32,500/-, 2 एसी - 38,500/- ऑफर : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5% GST) 25 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# नेपाल विदेश यात्रा

स्लीपर मात्र 18,500/-

जनकपुर (सीता मईया जन्म स्थल) सीतामणी, वाराणसी (काशी विश्वनाथ), प्रयागराज (त्रिवेणी संगम), अयोध्या (राम जन्मभूमि), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
09 मई से 22 मई 2024
06 जून से 19 जून 2024
25 जुलाई से 07 अगस्त 2024
22 अगस्त से 04 सितंबर 2024
12 सितंबर से 25 सितंबर 2024
10 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2024
28 नवंबर से 11 दिसंबर 2024
19 दिसंबर से 01 जनवरी 2025

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# अमरनाथ यात्रा

स्लीपर मात्र 13,500/-

## बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
16 जुलाई से 26 जुलाई 2024
06 अगस्त से 16 अगस्त 2024

नोट : आपको अमरनाथ का स्वयं मेडिकल व रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है ।

राशि : 18,500/- रु., 3एसी-25,100/-, 2एसी-30,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 13,500/- 3 एसी-20,500/-, 2 एसी-25,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

# 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
24 जुलाई से 03 अगस्त 2024
21 अगस्त से 31 अगस्त 2024
11 सितंबर से 21 सितंबर 2024
16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2024
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
25 दिसंबर से 04 जनवरी 2025

राशि : 20,500/- रु., 3एसी-28,100/-, 2एसी-32,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-22,500/-, 2 एसी-28,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

## स्पेशल ट्रेन से 14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक ( 07 दिन )

# द्वारकाधीश धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 8,500/-

श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, माउंट आबू / उज्जैन (महाकालेश्वर)

राशि : 12,500/- रु., 3एसी-20,100/-, 2एसी-25,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

## स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 (11 दिन)

नोट : तिरूपति बालाजी की व्हीआईपी टिकिट यात्रियों को स्वयं बुक करनी है।

# रामेश्वरम् धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मिनाक्षीदेवी

रिजर्वेशन कोच (10 दिन)
04 जून से 13 जून 2024
20 अगस्त से 29 अगस्त 2024
10 सितंबर से 19 सितंबर 2024
15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

## स्पेशल ट्रेन से 13 सितंबर से 18 सितंबर 2024 तक ( 06 दिन )

# गंगा सागर यात्रा

स्लीपर मात्र 8,500/-

## गंगा सागर, जगन्नाथपुरी, माँ कामाख्या देवी

राशि : 13,500/- रु., 3एसी-21,100/-, 2एसी-26,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर

**स्पेशल ऑफर : किसी भी यात्रा में 25 टिकिट की बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री* 30 अप्रैल 2024 तक बुकिंग कराने पर**

सुविधायें : यात्रा के दौरान -1. कफर्म रेल्वे टिकट आने-जाने की सुविधा। 2. स्टेशन से बाहर मंदिर तक जाने के लिए बस की सुविधा। 3. ब्रेकफास्ट व डिनर व ट्रेन में लंच की सुविधा। 4. लॉज व धर्मशाला में रूम में फैमली वाईस ठहरने की सुविधा। 5. पूरे यात्रा में एक अनुभवी गाईड/ मैनेजर की सुविधा ।

नोट : 1. यात्रा के दौरान नास्ते, भोजन व रहने के लिए लॉज/ धर्मशाला व मंदिर तक जाने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था समिति द्वारा रहेगी। 2. एसी वाले यात्रियों के लिए नॉन एसी होटल व नॉन एसी बस की व्यवस्था रहती है। 3. यात्रा के दौरान ट्रेन से बाहर दोपहर के भोजन का व्यवस्था आपकी स्वयं की रहेगी।
4. केदारनाथ, यमुनोत्री की पालकी घोड़े, खच्चर, हेलिकाप्टर व नेपाल में मनोकामना दर्शन की रोपवे व मंदिर एंट्री फीस व तिरूपति बालाजी जी की व्हीआईपी दर्शन टिकिट फीस आपकी स्वयं की होगी।

नियम एवं शर्तें : 1. यात्रा कैंसल करने पर यात्रा की 15 दिन पूर्व पूर्ण राशि का निरस्तीकरण प्रभार 20 प्रतिशत लगेगा। यात्रा दिनांक के 15 दिन पूर्व 50 प्रतिशत, 7 दिन पूर्व 75 प्रतिशत पूर्ण राशि में कटौती की जाएगी व यात्रा दिनांक के 2 दिन पूर्व राशि वापसी नहीं हो पाएगी । 2. 20 प्रतिशत यात्रा के पूर्व राशि का रजिस्ट्रेशन राशि किसी परिस्थिति में भी वापसी योय नहीं है। 3. 5 वर्ष से 8 वर्ष के बड़ों की हॉफ राशि लगेगी व 8 वर्ष से ऊपर के यात्रियों की पूरी राशि लगेगी, हॉफ राशि वालों को सीट आबंटित नहीं की जाएगी। 4. 20 प्रतिशत रूपए देकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात शेष राशि यात्रा दिनांक के 1 महीने पूर्व जमा करना अनिवार्य है अथवा आपकी यात्रा कैंसल हो जावेगी । 5. समिति स्पेशल ट्रेन/ कोच के लिए रेल्वे में आवेदन करेगी, परंतु किसी कारावश स्पेशल ट्रेन/ कोच रेल्वे से उपलब्ध नहीं हो पाती है तो उस स्थिति अनुसार आपको रिजर्वेशन कोच से यात्रा करनी रहेगी। सहमती पर ही बुकिंग करवायें। 6. एसी वाले भक्त जनों का स्पेशल ट्रेन व कोच में रामेश्वरम् यात्रा दिसंबर के अलावा सभी यात्रा में एसी यात्री कम होने के कारण रिजर्वेशन कोच में ही यात्रा करनी रहती है कृपया अपनी सहमति पर ही बुकिंग करवाएं। 7. कुल राशि पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगेगा। 8. रिफंड करने की प्रक्रिया में 1 महीने का समय लगता है।

**नोट : कृपया www.tripuryatra.com से टूर प्रोग्राम (आईटनरी), नियम व शर्तें को पढ़ने के पश्चात ही अपनी सहमति पर बुकिंग करें।**

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

shree tripur tirth yatra

संरक्षक श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति - श्री राजकिशोर प्रसाद - संरक्षक, महापौर- कोरबा, श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल-संरक्षक एवं विधि सलाहकार, श्री राहुल यादव - चेयरपर्सन- श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, एम. डी. राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., डॉ. साहिल यादव - डायरेक्टर राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., श्रीमती रीना राय - कोषाध्यक्ष, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, श्री जयराज मिश्रा (रिलायबल सर्विस), श्री संतोष राठौर (पूर्व सभापति एवं एमआईसी सदस्य न.पा. नि. कोरबा), श्री निरंजन यादव (महासचिव छ.ग. प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री जितेंद्र बहादुर यादव ( छत्तीसगढ़ अध्यक्ष प्रगतिशील यादव महासंघ) (एस.एस. इण्डस्ट्रीज), श्री रजनीश भास्कर (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), श्री तेजप्रताप सिंह (भिलाई) श्री कमल यादव (डायरेक्टर प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नया रायपुर), गणेश कुलदीप (अधिवक्ता)

समिति की उपलब्धियां -
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानित समिति
- ZEE मध्य प्रदेश-छतीसगढ़, छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री मा. श्री अरूण साव जी द्वारा सम्मानित समिति
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा सम्मानित समिति
- केन्द्र रेल मंत्री माननीय श्री अश्विन वैष्णव जी से सम्मानित समिति
- बंसल न्यूज चैनल द्वारा माननीय पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिहं अग्रवाल जी द्वार सम्मानित समिति
- छत्तीसगढ़ राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके जी के द्वारा सम्मानित समिति
- महिला बाल विकास पूर्व मंत्री माननीया अनीला भेड़िया जी के द्वारा सम्मानित समिति
- जी न्यूज हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम उड़ान में राष्ट्र स्तर पर मिला सम्मान
- मध्य भारत की सबसे विश्वसनीय सुप्रसिद्ध यात्रा करवाने वाली सेवा समिति
- आई.बी.सी. 24 द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार की उपाधि से संबोधित
- न्यूज 18 छत्तीसगढ़ द्वारा बिजनेस एक्सिलेंट अवार्ड से सम्मानित
- नौ राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में सेवा देने वाली एकमात्र सेवा समिति
- सबसे कम राशि पर तीर्थ यात्रा कराने वाली एक मात्र सेवा समिति

**OFFICE ADDRESS**
RAIPUR : D-36 Sector- 4, Kamal Vihar, Near Shree Venkatesh Hospital, KORBA : Shop No - 301, 302, 303 SS Plaza Power House Road , DELHI : Flate No.-217, Ground Floor, Dg-3 (Paryavaran Apartments), Vikaspuri, HARIDWAR : Nagaldham Ke Samne Bhupatwala Haridwar, HARYANA: Panghal Travels 65 Improvement Trust Market Bhiwani Haryana Near Hansi gate Bhiwani

**संपर्क करें :- 9165-411411 - 7247-411411 Online Booking : www.tripuryatra.com**